उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
यूपीडा
सी-13, द्वितीय तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
☎ 0522-2307542 / 2307592 / 4013560, फैक्स : 0522-4013560 ईमेल: upeida2@gmail.com

पत्रांक : ------- / यूपीडा/ 925/ 2018 दिनांक: 21 जुलाई 2018

प्रेस नोट

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की निर्माण प्रक्रिया आरंभ करने हेतु बैठक

बहुप्रतीक्षित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बनने की प्रक्रिया में अब तेज़ी आ गई है | इसी क्रम में आज दिनांक 21 जुलाई 2018 को यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के शीघ्र निर्माण हेतु बैठक यूपीडा कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें सभी चयनित निर्माणकर्ता कंपनियों के प्रतिनिधि व अथारिटी इंजीनियर्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे | उक्त बैठक में यूपीडा के सीईओ द्वारा सभी कंपनियों को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का काम यथा शीघ्र शुरू करने हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिये गए |

इस बैठक में भूमि अधिग्रहण के सिलसिले में सभी निर्माणकर्ताओं को सूचित किया गया कि लखनऊ को छोड़ कर सभी जनपदों बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर में 90% से अधिक भूमि अधिग्रहीत कर ली गई है | लखनऊ में शेष भूमि का अधिग्रहण भी एक महीने में कर लिये जाने के प्रयास जारी हैं | निर्माणकर्ताओं को सूचित किया गया कि 15295 में से 12000 बाउंड्री पिलर यथा स्थान लगा दिये गए हैं | सभी निर्माणकर्ताओं ने 30 जुलाई 2018 तक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने हेतु अपनी सहमति दे दी है | निर्माणकर्ताओं को बताया गया कि अगले 10 दिनों के भीतर वे अपने पैकेजों के प्रोजेक्ट मैनेजरों के नाम यूपीडा को उपलब्ध करवा दें |

इसी क्रम में सीईओ, यूपीडा ने बताया कि कार्य तिथि अगस्त में बताई जाएगी तथा निर्माणकर्ताओं को सितंबर के मध्य में कार्य शुरू करने की योजना बना लेनी चाहिए | इस बैठक में निदेशक, रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेंटर, उत्तर प्रदेश द्वारा दी गई सूची सभी निर्माणकर्ताओं को उपलब्ध करवाई गई जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर 10 किमी में वेट लैंड की उपलब्धता दर्शाई गई है जहां से मिट्टी की खुदाई की जा सकती है |

निर्माणकर्ताओं को यह जानकारी दी गई कि एक्सप्रेस-वे के निर्माण में पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार फ्लाईएश का प्रयोग किया जाएगा | मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निर्देशित किया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से संबन्धित सभी जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्माणकर्ता कंपनियों के नाम तथा यथा स्थिति से अवगत करा दिया जाए | अथारिटी इंजीनियर्स 1 व 2 के प्रतिनिधि भी इस बैठक में उपस्थित रहे | उन्हें प्राधिकरण के साथ अनुबंध जुलाई महीने के अंत तक निष्पादित करने का निर्देश दिया गया |

नोट - विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट www.upeida.in का अवलोकन करें |

-प्रेस नोट की समाप्ति-